दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 14.08.2022

प्रकाशनार्थ
ओजपूर्ण कवि गोष्ठी प्रतियोगिता

आज दिनांक को 14.08.2022 **को** सांस्कृतिक प्रकोष्ठ **दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज गोरखपुर** में **आजादी के अमृत महोत्सव** के अंतर्गत ओजपूर्ण कवि गोष्ठी **प्रतियोगिता** का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। कुलदीप प्रजापति की ओजपूर्ण कविता "**चोर लुटेरे पकड़े हम, सोलहबार छोड़ दिये" तथा जरूरत हो ये देश मेरा नाम बुला लेना** पर खूब तालियां बजी। विवेक मिश्रा की कविता आखिरी खत में जब कहा "**रक्त से रंजीत अंगुलियां आखिरी वक्त लिख रहीं हैं** तब सभी की आंखे नम हो गयी। बी.ए. की छात्रा प्रियंका गुप्ता ने अपनी कविता "**घायल कश्मीर चीख रहा है उसे सुनाने आयी हूँ**" प्रस्तुत किया तब पूरी सभा तालियों से गूंज उठी इसके अलावा राहुल कुमार, मुस्कान पाण्डेय, शशि यादव, रोशनी गुप्ता तथा अंकिता सिंह ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सन् 1965 में हुए भारत एवं पाकिस्तान के बीच युद्ध पर आधारित एक डाक्यूमेण्ट्री का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. आर.पी. यादव, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. अनुपमा मिश्रा ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सदस्य श्रीमती निधि राय, डॉ. संजीत सिंह डॉ. रुक्मिणी चौधरी, श्री पीयूष सिंह, श्री श्याम सिंह, डॉ त्रिभुवन मिश्र आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

डॉ. (संजय कुमार त्रिपाठी)
सह-संयोजक
अमृत महोत्सव कार्यक्रम

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी सूचना जनसम्पर्क